
Setu
See education through us.
Books

NEP 2020

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.)
द्‌वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित

# हिन्दी





लेखकगणः
नीता शर्मा
एम.ए. (हिंदी)
मनोहर त्रिवाणी
एम.ए. (हिंदी)


## सहायक पुस्तिका
## 3

- शिक्षाप्रद-कहानियाँ
- शब्दार्थ
- मौखिक एवं लिखित प्रश्न



3. आमों में मिसरी कौन घोलता है?

आमों में मिसरी **कोयल की मीठी कूक ( बोली ) ने घोली है।**

***आइए कुछ करें***

स्वयं करें।

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं करें।

***हमने सीखा***

समझिए।

# 2 एक सिक्के की कहानी

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** 1. सिक्का डिब्बे में आने से पहले वह एक हाथ से दूसरे हाथ में आता-जाता रहता था। एक जगह पड़े रहने की आदत ही नहीं थी इसलिए उसे डिब्बे में पड़े रहना अच्छा नहीं लगता था।

2. इस कहानी से हमें देश प्रेम की शिक्षा मिलती है।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. सिक्के को लेकर आदमी इटली, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैड, अमेरिका गया।

2. विदेश में उसकी मित्रता लीरा, फ्रैंक, मार्क, पौंड और डॉलर आदि सिक्कों से हुई।

3. स्वयं करें।

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** 1. डिब्बे से बाहर निकलने के लिए।

2. अपनी जेब में 3. लीरा का

4. उसे विदेश में मौज करने का मौका मिल रहा था।

5. जब दुकानदार ने उसे लेने से इन्कार कर दिया।

6. उसके सारे साथी छोड़कर जा चुके थे।

**(घ) श्रुतलेख एवं उच्चारण के लिए शब्द–**

**उत्तर–** स्वयं करें।

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों का सही मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| • फ्रैंक | • रूस |
| • लीरा | • इंग्लैंड |
| • डॉलर | • इटली |
| • पौंड | • फ्रांस |
| • रूबल | • अमेरिका |

(मिलान: फ्रैंक → फ्रांस; लीरा → इटली; डॉलर → अमेरिका; पौंड → इंग्लैंड; रूबल → रूस)

*भाषा-बोध*

**(क) नीचे दिए अर्थों वाले शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** पहला सौदा – **बोहनी** **2.** बेइज़्ज़ती – **अपमान**

**3.** साथ रहने वाला – **साथी** **4.** दूसरा देश – **विदेश**

**(ख) सही शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** डिब्बे से निकलने को उसका दिल **मचलता** था।

**2.** विदेशियों के बीच रहकर सिक्के को घमंड **हो गया**।

**3.** एक दिन उसने अपने को बिल्कुल अकेला **पाया**।

**4.** यह सिक्का यहाँ नहीं **चलेगा**।

**5.** अपने लोगों का मोल वह जान **चुका** था।

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** विदेश – **स्वदेश** **2.** नासमझ – **समझदार**

**3.** मित्र – **शत्रु** **4.** अपमान – **सम्मान**

**5.** अपना – **पराया** **6.** दुखी – **सुखी**

**(घ) अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** सिकका – **सिक्का** **2.** डीब्बा – **डिब्बा**

**3.** दोसती – **दोस्ती** **4.** बुडडा – **बुड्ढा**

**5.** यातरी – **यात्री** **6.** दूकानदार – **दुकानदार**

**7.** स्वरग – **स्वर्ग** **8.** बच्चा – **बच्चा**

**(ङ) उचित शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरिए–**

**उत्तर–** **1.** एक जगह पड़े रहने की उसे **आदत** नहीं थी।

**2.** एक आदमी उसे **जेब** में डालकर निकल पड़ा।

**3.** **विदेशियों** के बीच रहकर सिक्के को घमंड हो गया।

4. मैं विदेश में मौज **उड़ा** रहा हूँ।

5. हर जगह उसका **अपमान** हो रहा था।

***आइए कुछ करें***

स्वयं करें।

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं करें।

***हमने सीखा***

समझिए और सीखिए।

# 3 शिष्टाचार (लेख)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. शिष्टाचार का अर्थ है–शिष्ट आचरण। शिष्ट का अर्थ है अच्छा और आचरण का अर्थ है–काम करने का ढंग या व्यवहार अर्थात अच्छे व्यवहार को शिष्टाचार कहते हैं।

2. किसी भी प्रकार का अप्रिय व्यवहार करना अशिष्टता की पहचान है।

3. अनुशासन शिष्टाचार की तीसरी शर्त है।

4. बातचीत करते समय आवाज़ ऐसी होनी चाहिए कि सामने वाले को आराम से सुनाई दे सके और दूसरों को दिक्कत न हो।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. विनम्रता शिष्टाचार की पहली शर्त है। हमें माता-पिता और गुरुजनों का सदा आदर करना चाहिए और उनके साथ विनम्रता का व्यवहार करना चाहिए।

2. किसी का नाम लेते या लिखते समय उसके पहले 'श्रीमान' 'श्रीमती' या 'कुमारी' लगाना चाहिए। नाम के अंत में 'जी' लगाकर भी दूसरों के प्रति सम्मान प्रकट किया जा सकता है।

3. 'अनुशासन' शिष्टाचार की तीसरी शर्त है। हमें समाज के नियमों और कानूनों का पालन करना चाहिए। सड़क के बीचोंबीच चलना या पूजा-स्थल में जूते पहनकर प्रवेश करना अनुचित है। जहाँ कहीं पंक्ति लगी हो,

वहाँ पंक्ति में खड़े होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

**(ग) निम्नलिखित शब्दों से नये वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** विनम्रता : **विनम्रता** केवल वाणी में ही नहीं वरन् व्यवहार में भी होनी चाहिए।

अशिष्टता : किसी भी प्रकार का अप्रिय व्यवहार **अशिष्टता** होती है।

जिद्द : बच्चों को **जिद्द** नहीं करनी चाहिए।

अनुचित : हमें **अनुचित** तरीके से धन नहीं कमाना चाहिए।

अनुशासन : विद्यालय में बच्चों को **अनुशासन** में रहना सिखाया जाता है।

**(घ) खाली स्थान भरो–**

**उत्तर–**
1. **विनम्रता** शिष्टाचार की पहली शर्त है।
2. यदि कोई हमारे लिए कुछ काम करे तो हमें उसका **आभार** प्रकट करना चाहिए।
3. किसी व्यक्ति से उसका वेतन या **आय** पूछना अशिष्टता है।
4. पीठ पीछे किसी की **निंदा** करना भी अशिष्टता है।
5. **शिष्टाचार** और **सहनशीलता** का चोली-दामन का साथ है।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिष्ट | **अशिष्ट** | आदर | **निरादर** |
| सम्मान | **अपमान** | जीवन | **मरण** |
| उचित | **अनुचित** | निंदा | **प्रशंसा** |
| सहनशील | **असहनशीलता** | योग्य | **अयोग्य** |
| व्यक्तिगत | **सार्वजनिक** | शुरू | **अंत** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आदर | **सम्मान** | **सत्कार** | वेतन | **पगार** | **तनख्वाह** |
| महिला | **नारी** | **औरत** | बालक | **शिशु** | **बच्चा** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शर्त | **शर्तें** | दरवाज़ा | **दरवाज़ें** |
| सड़क | **सड़कें** | आँख | **आँखें** |
| जूता | **जूतें** | पंक्ति | **पंक्तियाँ** |
| महिला | **महिलाएँ** | परेशानी | **परेशानियाँ** |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों का उदाहरण के अनुसार वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–** शिष्टाचार **श् + इ + ष् + ट् + आ + च् + आ + र् + अ**
अभिवादन **अ + भ् + इ + व् + आ + द् + अ + न् + अ**
धन्यवाद **ध् + अ + न् + य् + अ + व + आ + द् + अ**
सहनशीलता **स् + अ + ह्+ अ + न् + अ + श् + ई + ल् + अ + त् + आ**
परेशानी **प् + अ + र् + ए + श् + आ + न् + ई**

***आइए कुछ करें***

**1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए

**3. शिष्टाचार और सहनशीलता का चोली-दामन का साथ कैसे है? अपने विचार प्रकट कीजिए।**

**उत्तर–** शिष्टाचार और सहनशीलता एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। एक शिष्ट व्यक्ति प्रत्येक स्थिति में सहनशील होता है और दूसरों की सभी बातों को शांतिपूर्वक सुनता है, चाहे वह उनमें से कुछ बातों से सहमत न भी हो। वह कभी भी क्रोध में आकर ऐसी कोई बात नहीं करता, जिस पर उसे बाद में पछताना पड़े या वो दूसरों को बुरा लगे। इस गुण का एक अशिष्ट व्यक्ति में पूर्णरूप से अभाव पाया जाता है। अशिष्ट व्यक्ति न तो किसी की बातों को सुनने की सामर्थ्य रखता है और न ही वह किसी सत्य को सहन कर पाता है। अतः हम कह सकते हैं कि एक शिष्ट व्यक्ति सहनशील भी होता है।

**4. शिष्टाचार के नियमों को दर्शाता एक आकर्षक चार्ट बनाओ।**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

**अशिष्ट बालक से सभी घृणा क्यों करते हैं? सोचो और बताओ।**

**उत्तर–** अशिष्ट बालक अपने कार्यों के द्वारा सभी की घृणा का पात्र बन जाता है। उसका व्यवहार अप्रिय होता है। उसकी वाणी कटु होती है और वह किसी के मन में भी अपने लिए प्रेम जाग्रत करने में असफल रहता है। अशिष्ट बालक न तो विनम्र होता है और न ही उसे किसी का आदर करना आता है। उसका व्यवहार उसे किसी भी सभ्य समाज में मिलने में रोक उत्पन्न करता है।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़कर समझिए।

# 4 परिश्रम : सफलता का मंत्र (नाटक)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** बैल गधे को भाग्यशाली इसलिए बताता है, क्योंकि गधा दिन भर आराम करता है और हरी घास खाता है।

**2.** बैल के बीमार हो जाने के कारण किसान गधे को हल में जोतता है।

**3.** गधा बैल से मालिक की शिकायत करते हुए कहता है कि मालिक उसके स्थान पर नया बैल लाने की सोच रहा है।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** गधा बैल को सलाह देता है कि कल जब सुबह मालिक उससे हल चलवाए तो वह थोड़ी देर चलकर जमीन पर गिरकर कराहने लगे। तब मालिक उसे बीमार समझकर आराम करने देगा और अच्छा भोजन भी देगा, जिससे बैल का जीवन भी आराम से बीतेगा।

**2.** जब बैल हल जोतते समय जमीन पर गिरकर कराहने लगता है तब मालिक कहता है कि तुम बीमार लगते हो। मैंने तुमसे अत्यधिक परिश्रम करवाया। कोई बात नहीं अब तुम आराम करो और अच्छा खाना खाओ। अतः इस प्रकार गधे की सलाह बैल के लिए लाभप्रद सिद्ध हुई।

**3.** किसान बैल और गधे को समझाते हुए कहता है कि परिश्रम करने की आदत ही ठीक होती है।

**4.** जीवन में परिश्रम करना जरूरी होता है, क्योंकि बिना परिश्रम के जीवन व्यर्थ है। परिश्रमी व्यक्ति को ही सब पसंद करते हैं। परिश्रम करने से शरीर स्वस्थ व हृष्ट-पुष्ट रहता है।

**(ग) किसने, किससे कहा? लिखो–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | बैल ने | गधे से कहा |
| **2.** | गधे ने | बैल से कहा |
| **3.** | किसान ने | बैल से कहा |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों से नये वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

मूर्ख – गधे को सब **मूर्ख** समझते हैं।

भाग्यशाली – बैल बहुत **भाग्यशाली** था जो अपने मालिक के काम आता था।

स्वामी – गधे का **स्वामी** बहुत नम्र हृदय था।

**(ङ) निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प पर चुनाव कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** भाग्यशाली **2.** बैल को कसाई को बेच दो

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों का सही मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

मूर्ख → सयाना
भीतर → बाहर
स्वामी → सेवक
जीवन → मरण
बीमार → स्वस्थ
आदत → शौक

**(ख) पर्यायवाची शब्दों पर गोला ( ◯ ) लगाओ–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गधा | – | (खर) | कोकिल | (गर्दभ) | वनराज |
| किसान | – | कृषि | (कृषक) | श्रमिक | (हलधर) |
| जमीन | – | (धरती) | (भूमि) | अंबर | गज |
| दिन | – | दिनकर | (दिवस) | (वार) | वारि |
| खुश | – | नाखुश | अधीर | (प्रसन्न) | (हर्षित) |

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित करो–**

**उत्तर–** **1.** गधा घास **चर रहा है।** **2.** किसान ने उनकी सारी **बातें सुनीं।**

**3.** खेत पर अब गधा **आएगा।** **4.** तुमने अच्छा उपाय **सुझाया।**

***आइए कुछ करें***


**1.** स्वयं करें। **2.** स्वयं करें। **3.** स्वयं करें।

**4. चित्रों को देखकर उनके स्त्रीलिंग रूप लिखो–**


**उत्तर–**



**गधी**



**गाय**



**हथिनी**



**शेरनी**

**5. परिश्रम के महत्त्व पर चार वाक्य लिखो–**

**उत्तर–** परिश्रम से हम स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट रहते हैं।
परिश्रम द्वारा ही हम अपने कार्य समय से पूर्ण करते हैं।

परिश्रम करने से ही हम सबके प्रिय हो जाते हैं।

परिश्रम करके ही हम अपने जीवन को सुख से व्यतीत कर सकते हैं।

*कल्पना की दुनिया*

**गधा मूर्ख क्यों था? अपने विचार प्रकट करो।**

**उत्तर–** गधा मूर्ख इसलिए था कि उसने बैल को आराम करने और परिश्रम न करने का उपाय तो बता दिया, लेकिन यह नहीं सोचा कि बैल के बीमार हो जाने पर मालिक बैल के स्थान पर उसे ही हल में जोत देगा।

*हमने सीखा*

पढ़िए और समझिए।

*वर्तनी-बोध*

पढ़िए और समझिए।

# 5 गड़ा धन (कविता)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** किसान अपने लड़कों को मिल-जुलकर रहने के बारे में समझाता है।

**2.** बाप के मर जाने पर लड़के गड़ा हुआ धन खोदकर निकालने की सोचते हैं।

**3.** लड़के मेहनत द्वारा बोई फसल से मालामाल बन गए।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** किसान अपने बेटों को खेत में गड़े धन का भेद बताता है।

**2.** किसान के बेटे खेत में गड़े धन को निकालने के उद्देश्य से खेत को खोदते हैं।

**3.** किसान के बेटे निराश होकर खुदे हुए खेत में सरसों बो देते हैं।

**4.** किसान अपने बेटों को मेहनत और परिश्रम की शिक्षा देना चाहता था।

**(ग) निम्नलिखित पंक्तियों को पूरा कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** एक भेद मैं **बतलाता हूँ,**
**सारा धन** रखे जाता हूँ।
अपने उन खेतों **में, जिनको,**
**अब तक** जोता-बोया।

**2.** याद उन्हें आई **बूढ़े की तब वह अंतिम बात,**
**खेतों में रखे जाता हूँ** मैं अपनी सौगात।

खेत खोदते नहीं **अगर उस लालच में मेहनत कर,**
**तो फिर क्या पैदा होता और** उन्हें मिल पाता कैसे धन?

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| भेद | **रहस्य** | किसान अपने बेटों को **भेद** बताता है। |
| रईस | **अमीर** | सेठ बहुत **रईस** था। |
| निराश | **नाउम्मीद** | परिश्रमी व्यक्ति कभी **निराश** नहीं होते। |
| सौगात | **भेंट** | राजा ने रानी के पास **सौगात** भेजी |

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपने | **पराए** | पाया | **खोया** |
| दुःखी | **सुखी** | अच्छी | **बुरी** |
| रोना | **हँसना** | धनी | **निर्धन** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित वर्ण पर (ो) अथवा (ौ) की मात्रा लगाकर शब्दों को दोबारा लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खदा | **खोदा** | मज | **मौज** |
| कना | **कोना** | फ़ज | **फ़ौज** |
| सगात | **सौगात** | बना | **बोना** |
| मल | **मोल** | कयल | **कोयल** |
| कन | **कौन** | चक | **चौका** |

**(ग) पढ़िए, समझिए और करिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ट् + ट = ट्ट | **मिट्टी** | **खट्टी** | **छुट्टी** |
| स् + स = स्स | **रस्सी** | **लस्सी** | **अस्सी** |
| न् + न = न्न | **अन्न** | **प्रसन्न** | **खिन्न** |
| त् + त = त्त | **चित्त** | **उत्तर** | **गत्ता** |

***आइए कुछ करें***

**1. इन शब्दों का सही उच्चारण करो–**

स्वयं करें।

**2. इस कविता को कहानी के रूप में लिखो–**



**उत्तर–** एक बार एक किसान था। उसके चार बेटे थे। उसके चारों बेटे बहुत आलसी थे। और वे मेहनत करने से बचते रहते थे।

किसान अब बूढ़ा हो चुका था और बीमार भी रहने लगा था। इसी कारण उसे अपने आलसी बेटों की बहुत अधिक चिंता रहने लगी थी। एक दिन किसान ने अपने बेटों को खेत में गड़े धन का रहस्य बताया और मर गया। किसान के मरने के बाद चारों बेटों ने खेत को खोदकर उसमें गड़े धन को निकालने की सोची और उन्होंने सारा खेत खोद डाला, परंतु उन्हें धन कहीं नहीं मिला। तब वे चारों निराश हो गए और उन्होंने खुदे खेत में सरसों के बीज डाल दिए और फिर बारी-बारी से वो खेत की सिंचाई तथा निराई करते रहे। धीरे-धीरे उनकी यह मेहनत रंग लाई और खेत में सरसों की फसल लहलहाने लगी। लहलहाती फसल को देखकर चारों भाई बहुत प्रसन्न हुए। उस साल पिछले सालों से अच्छी फसल हुई और चारों भाई बहुत मालामाल हो गए। अब उन्हें अपने पिता की बातों का अर्थ समझ में आया कि उनके खेतों में गड़ा हुआ धन तो यह लहलहाती फसल ही है और यह सब मेहनत और परिश्रम से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद वे चारों भाई कड़ी मेहनत से खेती करने लगे और सुख व आनंद के साथ रहने लगे।

# 6 सत्य की जीत (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** चंद्रगुप्त महान धार्मिक और न्यायप्रिय सम्राट था।

**2.** सुरक्षा प्रबंध की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री को सौंपी गई।

**3.** प्रधानमंत्री करमसिंह से ईर्ष्या इसलिए करता था, क्योंकि करमसिंह की ईमानदारी के कारण प्रधानमंत्री खजाने में से कुछ चोरी नहीं कर पा रहा था।

**4.** सम्राट ने खजाना मंत्री के रूप में करमसिंह को उसकी ईमानदारी के कारण नियुक्त किया।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** चंद्रगुप्त पुष्कर की तीर्थयात्रा पर गए।

**2.** रानी ने चंद्रगुप्त से प्रार्थना की कि आप यशपाल पर शक न कीजिए, वह मेरा दूर का भाई है। वह ऐसा नहीं कर सकता। उसे सचमुच चोरी का पता नहीं है। हाँ, उसने सुरक्षा में जरूर लापरवाही की है। उसे इतना बड़ा दंड

मत दीजिए। मैं उसे डाँट-डपटकर समझा दूँगी।

3. चोरी के रहस्य को जानने के लिए सम्राट और सेनापति रात्रि में वेश बदलकर महल के बाहर नगर में निकले।
4. जब सम्राट के सामने प्रधानमंत्री द्वारा चोरी किए जाने का रहस्य उजागर हुआ तब उन्होंने करमसिंह को कारागार से मुक्त कर दिया।

**(ग) किसने, किससे कहा? लिखो–**

**उत्तर–** 1. रानी ने, सम्राट से कहा।
2. प्रधानमंत्री यशपाल ने, सम्राट से कहा।
3. प्रधानमंत्री यशपाल ने, दोनों सैनिक अधिकारियों से कहा।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुख | – | **दुख** | जीवन में **सुख**-दुख तो आते जाते रहते हैं। |
| दंड | – | **ईनाम** | पुलिस ने चोर को **दंड** दिया। |
| राजा | – | **रंक** | **राजा** धार्मिक और न्यायप्रिय था। |
| प्रिय | – | **अप्रिय** | रानी को तोता अत्यधिक **प्रिय** था। |
| दोषी | – | **निर्दोष** | करमसिंह ने स्वयं को **दोषी** मंजूर नहीं किया। |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्राट | **राजा** | **शासक** | मिट्टी | **मृदा** | **मृतिका** |
| व्यक्ति | **नर** | **मानव** | दिन | **दिवस** | **वार** |

**(ग) निम्नलिखित उदाहरण के अनुसार शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| न्न | प्रसन्न | **अन्न** | **संपन्न** |
| त्त | चित्त | **भित्ति** | **पत्ती** |
| ल्ल | बिल्ली | **दिल्ली** | **गिल्ली** |
| स्स | रस्सी | **लस्सी** | **गुस्सा** |

***आइए कुछ करें***

1. स्वयं करें।

2. **इस कहानी को नाटक के रूप में लिखो।**

**उत्तर–** स्वयं करें।

3. **तुम अपने जीवन में सत्य अथवा सच्चाई को क्या महत्त्व देते हो? लिखो।**

**उत्तर–** हमारे जीवन में सत्य का बहुत महत्त्व है। सत्य से सबका मन जीता जा सकता

है। हमें सदा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। सत्य के आगे झूठ कभी नहीं टिक सकता।

**4. सत्य पर आधारित कोई अन्य कहानी पढ़ो और लिखो।**

**उत्तर–** स्वयं करें।

***कल्पना की दुनिया***

**अगर तुम झूठ के मार्ग पर चलोगे तो जीवन में किस तरह के संकटों का सामना करोगे? लिखो।**

**उत्तर–** अगर हम झूठ के मार्ग पर चलेंगे तो जीवन में कभी सफल नहीं हो पाएँगे। हमारी किसी भी बात पर कोई विश्वास नहीं करेगा और सभी हमें झूठा मानकर हमसे बात करना भी पसंद नहीं करेंगे तथा समाज में हमारा कोई सम्मान नहीं होगा। सभी हमारी निंदा करेंगे।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए।

# 7 चिंटू की नादानी (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–**
1. चिंटू नटखट बालक था।
2. चिंटू सोने जाने की उधेड़बुन में था।
3. चिंटू ने शक्तिमान की नकल की।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–**
1. गरमी की छुट्टियों में चिंटू अपनी नानी के यहाँ गया हुआ था।
2. शक्तिमान की नकल करते समय चिंटू को चोट लगी।
3. चिंटू को खेलते समय चोट लगी थी और चोट में बहुत दर्द हो रहा था, तब नानी ने चिंटू को समझाया कि टी०वी० पर जो कार्यक्रम आते हैं। वे बच्चों के मनोरंजन के लिए होते हैं अर्थात वे सच नहीं होते। यदि हम उनकी नकल करेंगे तो एक भी हड्डी सही-सलामत नहीं बचेगी।

**(ग) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** शक्तिमान : **शक्तिमान** बच्चों को बहुत पसंद है।

इशारा : सुरेश ने **इशारे** से बच्चों को पास बुलाया था।

मनोरंजन : कार्टून बच्चों के **मनोरंजन** का साधन होते हैं।

आँचल : दर्द के कारण चिंटू माँ के **आँचल** से लिपट गया।

**(घ) निम्नलिखित वाक्य किसने कहे हैं, लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** चिंटू ने **2.** एक बच्चे ने **3.** माँ ने **4.** नानी ने।

***भाषा-बोध***

**(क) पढ़िए, समझिए और करिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** र्‍ | वर्ष | **हर्ष** | **पर्व** | **गर्व** |
| ्र | क्रम | **भ्रम** | **श्रम** | **नम्र** |
| ^ | ड्राइंग | **ट्रक** | **राष्ट्र** | **ड्रम** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** छुट्टी | **छुट्टियाँ** | नानी | **नानियाँ** |
| परी | **परियाँ** | कमरा | **कमरे** |
| बच्चा | **बच्चे** | गेंद | **गेंदें** |
| गमला | **गमले** | गलती | **गलतियाँ** |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य बनाइए–**

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर–** अपनी | **परायी** | उसने **अपनी**-परायी सभी चीजें एक साथ रख दीं। |
| बाहर | **अंदर** | बार-बार **बाहर**-अंदर चक्कर ना काटो। |
| खुश | **दुखी** | जीवन में **खुश** रहना सीखो। |
| गरमी | **सरदी** | अचेतन अवस्था में **गरमी**-सरदी का एहसास नहीं होता। |
| नकल | **असल** | **नकल**-असल की पहचान करना सीखो। |
| गलत | **सही** | गुस्से में आदमी सही-**गलत** का फर्क भूल जाता है। |

**(घ) सही स्थान पर पूर्णविराम । अथवा प्रश्नवाचक चिह्न ? लगाओ–**

**उत्तर–** **1.** नानी ने कहानी सुनाई। **2.** बाहर मत खेलो।

**3.** यहाँ क्या कर रहे हो? **4.** दूसरों की नकल मत करो।

**5.** चिंटू को चोट कैसे लगी?

**(ङ) शुद्ध शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** चिंटु चिंटू (✓)

अँगुली (✓) अंगुली

| | |
|---|---|
| बिस्तर (✓) | विश्तर |
| लाडला | लाड़ला (✓) |
| शाबास | शाबाश (✓) |

***आइए कुछ करें***

**1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए **3.** स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं कीजिए।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए।

# 8 झाँसी की रानी (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** लक्ष्मीबाई का बचपन का नाम मनुबाई था।

**2.** मनुबाई की हाथी पर सवारी करने की बात को सुनकर उसके पिता को आश्चर्य हुआ।

**3.** ज्योतिषी ने मनु की कुंडली देखकर बताया कि वह एक दिन महारानी बनेगी।

**4.** दूलाजी रानी लक्ष्मीबाई का सैनिक था। उसने अंग्रेजों को रानी के तोपखाने और बारूदखाने का पता बताकर रानी के साथ धोखा किया।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** मनुबाई का जन्म 19 नवंबर, सन् 1835 ई० को बनारस में हुआ था।

**2.** मनु के बारे में ज्योतिषी की बात सच साबित हुई। झाँसी के राजा गंगाधर राव के कोई पुत्र नहीं था। मनु की निडरता और बहादुरी देखकर उन्होंने मनु से विवाह कर लिया। मनु-लक्ष्मीबाई के नाम से झाँसी की रानी बनी।

**3.** अंग्रेजों ने झाँसी पर कब्जा कर लिया था, इसलिए लक्ष्मीबाई को अंग्रेजों से युद्ध करना पड़ा।

4. अंग्रेजों से युद्ध करते-करते रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हुई।
5. प्रत्येक वर्ष 17 जून को लक्ष्मीबाई बलिदान-दिवस मनाया जाता है।

**(ग) किसने, किससे कहा? लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | मनुबाई ने | पिताजी से कहा। |
| **2.** | पिताजी ने | मनुबाई से कहा। |
| **3.** | ज्योतिषी ने | मनुबाई के पिताजी से कहा। |

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों को पाठ के अनुसार क्रम दीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | उनका बचपन का नाम मनुबाई था। | **(3)** |
| **2.** | पुत्री तुम्हारे भाग्य में हाथी की सवारी नहीं है। | **(2)** |
| **3.** | शाबाश बिटिया! बहुत बढ़िया घुड़सवारी की। | **(1)** |
| **4.** | हँसते-हँसते वीरांगना ने अपने प्राण त्याग दिए। | **(5)** |
| **5.** | पडोसी राज्यों ने रानी का साथ नहीं दिया। | **(4)** |

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित समान अर्थ वाले शब्दों से मिलान करो–**

**उत्तर–**
बालिका → बच्ची
हाथी → गज
घोड़ा → अश्व
संग्राम → लड़ाई
विश्वास → भरोसा
मृत्यु → मौत

**(ख) निम्नलिखित विलोम शब्द लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| स्वतंत्रता | **परतंत्रता** | **स्वतंत्रता** का जीवन में बड़ा महत्त्व होता है। |
| जन्म | **मरण** | **जन्म** के साथ मृत्यु भी एक कड़वा सत्य है। |
| शौक | **शौक रहित** | बचपन में घुडसवारी और तलवार चलाना लक्ष्मीबाई का **शौक** था। |
| स्वर्ग | **नरक** | शहर का कूड़ा-करकट जीवन को **नरक** बना देते हैं। |
| धैर्य | **बेचैनी** | सज्जन व्यक्ति कभी **धैर्य** नही छोडता है। |
| वीरता | **कायरता** | युद्ध में आगे बढते रहना **वीरता** की निशानी है। |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विशेषण शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बहादुरी | **बहादुर** | वीरता | **वीर** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| निडरता | **निडर** | मृत्यु | **मृत** |
| सुंदरता | **सुंदर** | गरीबी | **गरीब** |

**(घ) दिए गए रंगीन सर्वनाम पाठ में किन संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग हुए हैं, लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** मनुबाई **2.** मोरोपंत
**3.** राजा गंगाधर राव **4.** रानी लक्ष्मीबाई।

**(ङ) नीचे लिखे अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शाबास | **शाबाश** | मनूबाई | **मनुबाई** |
| बहादूरी | **बहादुरी** | विरांगना | **वीरांगना** |
| भागीरथि | **भागीरथी** | जन्मकुँडली | **जन्मकुंडली** |
| आन्नद | **आनन्द** | रियाशत | **रियासत** |

**(च) निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बालक | **बालिका** | पिता | **माता** |
| लड़का | **लड़की** | बेटा | **बेटी** |
| राजा | **रानी** | वीर | **वीरांगना** |
| हाथी | **हथिनी** | घोड़ा | **घोड़ी** |

***आइए कुछ करें***

**1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए

**3. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के चरित्र में कौन-सी बातें आपको सबसे अच्छी लगीं?**

**उत्तर–** झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के चरित्र की अनेक ऐसी खूबियाँ हैं, जो हमें बेहद अच्छी लगीं। लक्ष्मीबाई बहुत बहादुर और निडर थीं। राष्ट्रीयता की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी थी। वह आजादी का मोल समझती थीं। वह एक सच्ची वीरांगना थीं।

**4. रानी लक्ष्मीबाई द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े गए युद्ध को '1857 की क्रांति' के रूप में जाना जाता है। इस क्रांति में भाग लेने वाले प्रमुख वीर-वीरांगनाओं के नाम पता करो और लिखो।**

**उत्तर–** सन् 1857 ई० की क्रांति में भाग लेने वाले प्रमुख वीर-वीरांगनाएँ हैं—तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, कुँवर सिंह, मंगल पांडे, लियाकत अली खान तथा नाना साहेब आदि।

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं करें।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए।

## 9 बादल आए, बरखा लाए (कविता)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** काले-काले बादल घुमड़-घुमड़कर आते हैं।

**2.** बिजली कड़-कड़ करके शोर मचाती है और सबका दिल दहलाती है। खूब चमकती है और अपने दाँत भी दिखाती है।

**3.** रात के अँधेरे में झींगुर शहनाई-सी बजाते हैं।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** मोर वर्षा आने पर उपवन में कुहुकते हैं और पंख फैलाकर नाचते हैं।

**2.** वर्षा आने पर धरती पर हरियाली छा जाती है। हरी-भरी डालियाँ भी भीग-भीग कर तालियाँ बजाती हैं।

**3.** पुरवा सर-सर-सर-सर गीत गाती है।

**(ग) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

**उत्तर– 1.** पानी की गागर **भर-भरकर,**
**घूम-घूम कर** बादल आए।
झम-झम लगा **बरसने पानी,**
**बादल आए,** बरखा लाए।

**2.** धरती पर **छाई हरियाली,**
**हरी-भरी** हर डाली-डाली।
वर्षा में सब **भीग-भीग कर,**
**बजा रहीं हैं** मिलकर ताली।



*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित शब्दों का उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| सागर | जंगल |
| शोर | मेघ |
| गागर | समुद्र |
| वन | कोलाहल |
| बादल | घड़ा |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द पर (✓) का निशान लगाइए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| सोर | शोर (✓) |
| बीजली | बिजली (✓) |
| झींगुर (✓) | झींगूर |
| सहनाई | शहनाई (✓) |
| पुरवा (✓) | पूरवा |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदल कर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लहर | **लहरें** | गागर | **गागरें** |
| बिजली | **बिजलियाँ** | ताली | **तालियाँ** |
| रात | **रातें** | शनाई | **शहनाइयाँ** |

*आइए कुछ करें*

1. स्वयं कीजिए।

2. **मोर की सुंदरता का वर्णन अपने शब्दों में करो।**

**उत्तर–** मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है। वह देखने में बहुत ही खूबसूरत होता है। उसके सिर पर कलगी भी होती हैं। जब वर्षा का आगमन होता है तो वह अपने रंग-बिरंगे सुंदर पंखों को फैलाकर नाचता है और कुहुकता भी रहता है तो सबका मन मोह लेता है।

3. **कविता में आई चीज में रंग भरो तथा उसके दो-दो नाम लिखो–**

**उत्तर–**



**मोर**
**मयूर**



**पक्षी**
**खग**



**मेढक**
**मंडूक**



**मेघ**
**बादल**



**हिरन**
**मृग**

4. **वर्षा ऋतु के आने पर आप जो-जो बदलाव देखते हैं, उन्हें तीन वाक्यों में बताओ।**

**उत्तर– 1.** वर्षा ऋतु के आने पर मौसम बहुत सुहावना हो जाता है।
**2.** सभी जीव-जंतु अपनी भाषा में वर्षा ऋतु का स्वागत करते हैं।
**3.** सभी पेड़-पौधों पर भी हरियाली छा जाती है।

***कल्पना की दुनिया***

**वर्षा के आने पर किसान सबसे अधिक खुश होता है। ऐसा क्यों?**

**उत्तर–** वर्षा आने पर किसान इसलिए खुश होता है, क्योंकि उसकी बोई फसल के लिए वर्षा बहुत अच्छी होती है। खेतों में फसलें लहलहाने लगती हैं और सूखे की किसान के सामने कोई समस्या नहीं होती।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

## 10 शेख जी की हाज़िरजवाबी (किस्सा)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** शेख जी हाज़िरजवाबी के लिए प्रसिद्ध थे।
**2.** शेख जी से घोड़ों को पानी दिखाने की बात सुनकर सुलतान ने शेख जी को महामूर्ख कहा।
**3.** शेख जी ने एक नौकर को वैद्य जी को बुलाने का तथा दूसरे नौकर को कफन लाने का आदेश दिया।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** सुलतान और शेख जी जंगल में शिकार खेलने गए थे।
**2.** शेख जी घोड़ों को झील से बिना पानी पिलाए इसलिए लौटा लाए, क्योंकि सुलतान ने घोड़ों को पानी दिखाने का आदेश दिया था। ना कि उन्हें पानी पिलाने का।
**3.** सुलतान ने कहा कि अक्लमंद आदमी तो एक काम बताने पर दो करते हैं। वे आगे की भी सोचते हैं।
**4.** बेगम के बीमार हो जाने पर जब शेख जी ने वैद्य जी के साथ-साथ कफन भी मँगवा लिया और सुलतान के गुस्सा करने पर शेख जी ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति एक काम बताने पर दो करता है और आगे तक की सोचता है। यही सोचकर मैंने वैद्य जी को बुलवा लिया और कफन भी

मँगवा लिया। मैंने आगे की सोची है? शेख जी का जवाब सुनकर सुलतान ने खीझकर अपनी हार मान ली।

**(ग) किसने, किससे कहा? लिखो–**

**उत्तर–** **1.** सुलतान ने — शेख जी से कहा।
**2.** शेख जी ने — सुलतान से कहा।
**3.** दूसरे नौकर ने — सुलतान से कहा।
**4.** शेख जी ने — सुलतान से कहा।
**5.** शेख जी ने — सुलतान से कहा।

***भाषा-बोध***

**(क) पाठ में से क्रिया शब्द चुनकर लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** घोड़ों को पानी **पिला लाओ**।
**2.** अब से मैं एक काम **बताने पर दो करूँगा**।
**3.** आप वैद्य जी को **बुलवा दो**।
**4.** दूसरा नौकर कफ़न लेकर **आ गया**।
**5.** सुलतान खीझकर चुप **हो गए**।

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दिन | **वार** | **दिवस** | झील | **सरोवर** | **तड़ाग** |
| घोड़ा | **अश्व** | **तुरंग** | पानी | **नीर** | **जल** |
| निराला | **अनुपम** | **अनोखा** | | | |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विख्यात | **कुख्यात** | प्रश्न | **उत्तर** |
| धूप | **छाँव** | मूर्ख | **बुद्धिमान** |
| आदमी | **शैतान** | दिन | **रात** |
| बीमार | **स्वस्थ** | स्वर्ग | **नरक** |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेनापति | (✓) | सेनापती | |
| हुकम | | हुक्म | (✓) |
| मुर्खता | | मूर्खता | (✓) |
| बुद्धिमान | (✓) | बुद्धिमान | |

**(ङ) घोड़े पर सवार व्यक्ति को 'घुड़सवार' कहते हैं। इन्हें क्या कहेंगे, लिखिए–**

**उत्तर–** **1.** शिकारी **2.** हलवाई **3.** किसान

4. सुनार 5. कुम्हार

**(च) ऐसे आठ शब्द लिखो जिनके बीच में रेखा (योजक) खींची जाती है–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** हौले-हौले | धीरे-धीरे | पुनः-पुनः | शनैः-शनैः |
| मंद-मंद | लंबे-लंबे | बड़े-बड़े | छोटे-छोटे |

***आइए कुछ करें***

1. स्वयं कीजिए 2. स्वयं कीजिए 3. स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं कीजिए।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए।

# 11 वन संरक्षण (नाटक)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. पीपल मनुष्य के बारे में कहता है कि मनुष्य अपने स्वार्थ में यह भी भूल गया कि हमें काटकर वह अपना ही अहित कर रहा है।

2. बंदर शिकायत करता है कि वनों में मनुष्य द्वारा पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे हम पशु-पक्षियों पर बड़ा संकट आ पड़ा है। इस बात से सभी चिंतित हैं कि यदि वृक्ष नहीं रहे तो हम क्या खाएँगे? कहाँ रहेंगे?
3. रागिनी बरगद के पेड़ की ठंडी छाँह में बैठने को कहती है।
4. बच्चे प्रण करते हैं कि वृक्षों का संरक्षण करेंगे और नए पेड़-पौधे भी लगाएँगे।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. बरगद मनुष्य द्वारा पेड़ काटने से दुखी है। बरगद के अनुसार मनुष्य को पता नहीं क्या होता जा रहा है। जिस देश में वृक्षों को देवता मानकर उनकी पूजा की जाती हो, उसी देश में उन पर ऐसा अत्याचार।

2. कोयल बरगद से कहती है कि बाबा! हम भी बहुत दुःखी हैं। साँस लेना मुश्किल होता जा रहा है। अब मैं कैसे गा पाऊँगी?

3. रागिनी को हरे-भरे पेड़-पौधे, बाग-बगीचे बहुत अच्छे लगते हैं।

4. **बच्चे एक स्वर में गाते हैं कि–**

आओ सब मिलकर पेड़ लगाएँ,
धरती पर हरियाली लाएँ।
वातावरण स्वच्छ और शुद्ध बनाकर,
जीवन-भर की खुशहाली पाएँ।

**(ग) किसने, किससे कहा? लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आम के पेड़ ने | बरगद से कहा |
| 2. | पीपल ने | बरगद से कहा |
| 3. | कोयल ने | बरगद से कहा |
| 4. | मयंक ने | रागिनी से कहा |
| 5. | मयंक ने | अपने दोस्तों से कहा |

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वृक्ष | **पेड़** | **तरु** | जंगल | **कानन** | **वन** |
| बंदर | **कपीश** | **वानर** | बालक | **बच्चा** | **शिशु** |
| बगीचा | **उपवन** | **बगिया** | | | |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों का सही विलोम शब्दों से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

खुश → नाखुश
जीवन → मरण
हित → अहित
रक्षक → भक्षक
धैर्य → अधैर्य
शांति → अशांति

**(ग) निम्नलिखित शब्दों का उदाहरण के अनुसार वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| अभिनय | : | **अ + भ् + इ + न् + अ + य् + अ** |
| चिरायु | : | **च् + इ + र् + आ + य् + उ** |
| मनुष्य | : | **म् + अ + न् + उ + ष् + य् + अ** |
| आश्चर्य | : | **आ + श् + च् + अ + र् + य्** |
| गुणकारी | : | **ग् + उ + ण् + अ + क् + आ + र् + ई** |

***आइए कुछ करें***

1. स्वयं कीजिए।

2. **इस नाटक द्‌वारा प्राप्त जानकारी को एक अनुच्छेद के रूप में लिखो–**

**उत्तर–** वन पेड़-पौधे हमारे लिए अत्यंत अनिवार्य हैं। इनसे हम शुद्‌ध वायु, वर्षा, खाद्‌य पदार्थ और बहुत-सी उपयोगी वस्तुएँ प्राप्त करते हैं। हमारे देश में वृक्षों की पूजा की जाती है, परंतु आजकल मानव अपने स्वार्थ को सिद्‌ध करने के लिए हरे-भरे पेड़ों को काटने लगा है। इससे वह अपना अहित करने के साथ-साथ अनेक जीव-जंतुओं के प्राण भी संकट में डाल रहा है। शहरों, गाँवों में मोटर-गाड़ियों तथा गैसों आदि का इतना अधिक प्रदूषण है। पेड़ों से कट जाने पर प्रदूषणों में वृद्‌धि ही हो रही है। अतः मानव को वन संरक्षण की ओर भी ध्यान देना चाहिए और उन्हें दूसरों को पेड़ काटने से रोकना चाहिए, बल्कि स्वयं भी प्रत्येक घर में एक-एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। वन, पेड़-पौधे हमारे लिए कितने महत्त्वपूर्ण हैं, इस विषय पर समय-समय पर चर्चा करें और अधिक-से-अधिक लोगों को पेड़ लगाने के लिए जागरूक करें।

3. **दिए गए वाक्य में रंग भरो–**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

***कल्पना की दुनिया***

**अपनी कल्पना से वृक्षों के बचाव हेतु कोई पाँच उपाय सुझाओ।**

(i) वनों के संरक्षण के उपाय करें।
(ii) वनों को काटने से रोकें।
(iii) पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें।
(iv) पेड़ काटने वालों को कठोर-से-कठोर दंड देने का प्रावधान करें।
(v) फैक्टरी और कारखानों आदि से निकलने वाले धुएँ की समुचित व्यवस्था हो, जिससे वायु प्रदूषण कम हो तथा पेड़ों को भी नुकसान ना हो।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए।

# 12 शरारती विमल (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. विमल एक शरारती लड़का था।
2. विमल जंगल में अपने मित्र दीपू के साथ गया।
3. दीपू ने विमल को नाला पार करने के लिए मना किया, क्योंकि पुलिया पर आर-पार जाने के लिए एक ही लकड़ी बची थी। वह भी सड़ी-गली पड़ी थी।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. प्रधानाध्यापक विमल की शरारतों से परेशान थे।
2. विमल नाले के पार झाड़ियों के बेर खाने गया।
3. नाले की पुलिया टूट जाने के कारण जब विमल जंगल में ही रह गया तब रात में सियार और उल्लू के बोलने से वह डर गया। तब उसने शरारत न करने की कसम खाई।
4. शरारत न करने पर विमल एक अच्छा बालक बन गया और इतना ही नहीं, उसने वार्षिक परीक्षा में भी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**(ग) पाठ के आधार पर खाली स्थान भरिए–**

**उत्तर–** 1. विमल एक **शरारती** लड़का था।
2. जंगल की झाड़ियों में **बेर** लगे हुए थे।
3. दीपू **डरकर** दो कदम पीछे हट गया और वापस घर जाने लगा।
4. जंगल में **सियार** और **उल्लू** भी बोलने लगे थे।
5. अब तो शरारत न करने की **कसम** खाओ।

**(घ) किसने, किससे कहा? लिखो–**

**उत्तर–** 1. यह वाक्य बोर्ड पर लिखा हुआ था।
2. विमल ने दीपू से कहा।
3. विमल के पिता जी ने विमल से कहा।

***भाषा-बोध***

**(क) वचन बदलो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कॉपी | **कॉपियाँ** | मिट्टी | **मिट्टियाँ** |
| किताब | **किताबें** | झाड़ी | **झाड़ियाँ** |
| पेंसिल | **पेंसिलें** | नाला | **नाले** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों की एक-एक विशेषता और लिखिए–**

**उत्तर–** बड़ा, **सुंदर** घर  गहरा, **उथला** नाला  घना, **जादुई** जंगल

डरपोक, **शरारती** बालक — अँधेरी, **काली** रात — ऊँची, **नीची** आवाज

छोटा, **नटखट** बच्चा — लंबी, **नुकीली** पेंसिल

***आइए कुछ करें***

1. स्वयं कीजिए
2. स्वयं कीजिए
3. **आपके माता-पिता और अध्यापक आपको अच्छे व्यवहार के बारे में क्या-क्या समझाते हैं?**

**उत्तर–** आपको सदा सत्य का पालन करना चाहिए।
कभी किसी को परेशान नहीं करना चाहिए।
सबसे मिल-जुलकर रहना चाहिए।

4. स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए

# 13 स्वच्छ राष्ट्र (कविता)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. आज चारों तरफ गंदगी का वातावरण है।
2. कवि स्वच्छ राष्ट्र का सुंदर गान को गाने के लिए प्रेरित करता है।
3. नीरोग बने रहने के लिए साफ-सफाई आवश्यक है।
4. कवि मनुष्य के मन की धोखाधड़ी और जलन की बीमारी को दूर करने की बात करते हैं।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** मनुष्य का मन धोखाधड़ी और ईर्ष्या के कारण गंदा है।

**2.** देश का कल्याण करने के लिए स्वच्छता के मंत्र को अपनाकर गंदगी दूर करना अनिवार्य है।

**3.** कवि के अनुसार तुम किसी भी प्रकार की गंदगी को अपने मन में धारण न करो और जीवन से गंदगी को दूर करके नव-प्रकाश का स्वागत करो तथा चारों तरफ स्वच्छता का दीप जलाओ।

**4.** कवि मन, जीवन, जग तथा बस्ती की शुद्धता पर बल देता है, क्योंकि जब इन सभी जगहों से गंदगी दूर होगी तभी देश में स्वच्छता की वायु चलेगी अर्थात् हमारा तन, मन और देश स्वच्छ हो जाएगा।

**(ग) निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए–**

**उत्तर– 1.** इसी तरह मन **भी गंदा है,**
**धोखाधड़ी,** जलन से पूर्ण।
यह जो अंदर **की बीमारी है,**
**इसको भी** करना है दूर।

**2.** दूर गंदगी **के होने से,**
**खुशियों का** संसार बसेगा।
बस्ती अपनी **सुंदर होगी,**
**वायु, देह, मन** शुद्ध रहेगा।

*भाषा-बोध*

**(क) निम्नलिखित शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गंदगी | **मैला** | उपचार | **इलाज** |
| अंदर | **भीतर** | कल्याण | **हित** |
| मन | **हृदय** | नीरोग | **स्वस्थ** |

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के उदाहरण के अनुसार विलोम शब्द लिखकर अपने शब्दों में वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| बाहरी – | **भीतरी** | केवल **बाहरी** ही नहीं **भीतरी** स्वच्छता पर भी ध्यान दो। |
| सबल – | **निर्बल** | लक्ष्मीबाई एक **निर्बल** नारी नहीं, बल्कि **सबल** नारी थीं। |
| नव – | **प्राचीन** | पुस्तकालय में **नव** और **प्राचीन** दोनों प्रकार की पुस्तकें **हैं।** |
| सुंदर – | **असुंदर** | सद्गुणों के आगे **सुंदर-असुंदर** का कोई मोल नहीं होता। |
| शुद्ध – | **अशुद्ध** | हमें **शुद्ध** जल पीना चाहिए, क्योंकि **अशुद्ध** जल पीने से बीमारी हो जाती है। |

**(ग) 'ता' प्रत्यय जोड़कर नये शब्द बनाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** स्वच्छ | **स्वच्छता** | सबल | **सबलता** |
| स्वस्थ | **स्वस्थता** | नम्र | **नम्रता** |
| सुंदर | **सुंदरता** | शुद्ध | **शुद्धता** |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के सामने उनकी विशेषता बताने वाले दो-दो शब्द लिखिए–**

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर–** बीमारी | **घातक बीमारी** | **गंभीर बीमारी** |
| बालक | **अच्छा बालक** | **बुरा बालक** |
| जीवन | **सादा जीवन** | **उच्च जीवन** |
| वायु | **ठंडी वायु** | **गर्म वायु** |
| देह | **हृष्ट-पुष्ट देह** | **जीर्ण-शीर्ण देह** |

**(ङ) उदाहरण के अनुसार दो-दो शब्द लिखिए–**

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर–** च्छ | **स्वच्छ** | **अच्छा** |
| ल्य | **बाल्यावस्था** | **कल्याण** |
| त्य | **नित्य** | **सत्य** |
| द्ध | **शुद्ध** | **बुद्ध** |

**(च) 'कु' तथा 'वि' उपसर्ग जोड़कर शब्द बनाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** पुत्र | **कुपुत्र** | फल | **कुफल** |
| योग | **वियोग** | ज्ञान | **विज्ञान** |
| कर्म | **कुकर्म** | चाल | **कुचाल** |

***आइए कुछ करें***

1. स्वयं कीजिए
2. स्वयं कीजिए
3. **स्वच्छता का क्या महत्त्व है? कविता के आधार पर लिखो।**

**उत्तर–** स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है। हमारे आस-पास स्वच्छता होने के कारण चारों तरफ का वातावरण शुद्ध और निर्मल हो जाता है तथा शुद्ध वायु प्राप्त होती है। मक्खी-मच्छरों का प्रकोप कम होने के कारण हम बीमार नहीं होते और हम तन, मन से पूरी तरह स्वस्थ रहते हैं। स्वच्छता के कारण हमारा राष्ट्र स्वच्छ और खुशहाल बनता है।

**4. इस कविता को सार के रूप में लिखो।**

**उत्तर– कविता का सार–**

हमारे चारों ओर कूड़े-करकट की गंदगी का अंबार फैला हुआ है। यह तो बाहरी गंदगी है, जिसका हम उपचार कर सकते हैं, परंतु हमारे मन में जो धोखाधड़ी और जलन की गंदगी भरी हुई है वो किस प्रकार दूर होगी। हम स्वच्छता के मंत्र को अपनाकर अपना जीवन स्वस्थ और बलवान बनाएँ। जिससे देश का भी कल्याण हो। तुम गंदगी को अपने मन में न पालो। अतः उसे साफ करके अपने जीवन में ज्योति का नवप्रकाश जगाओ और स्वच्छता का दीपक जलाओ। साफ-सफाई से हम नीरोग रहेंगे और एक सुंदर संसार की रचना भी होगी। गंदगी दूर होने से खुशियों का नया संसार बनेगा अथवा तन, मन तथा देह भी शुद्ध रहेगा। तो आइए, हम सब मिलकर स्वच्छ राष्ट्र का गान करें और सबको एक नारा दें अर्थात स्वच्छता महान का नारा दें।

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए

# 14 अलादीन का चिराग (कहानी)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** अलादीन एक गरीब बुढ़िया का बेटा था।

**2.** अजनबी आदमी अलादीन को जंगल में लेकर गया।

**3.** अजनबी आदमी के बार-बार कहने पर भी अलादीन ने उसे दीपक नहीं दिया। इसलिए अजनबी आदमी ने क्रोध में आकर गुफा के मुख पर पत्थर रख दिया।

**4.** अलादीन ने गरीबी से परेशान होकर जब दीपक को बेचने के लिए उसे साफ करने के लिए रगड़ा, तब जोर से धमाका हुआ और एक लंबा-चौड़ा

आदमी दिखाई दिया। इस तरह अलादीन को दीपक का रहस्य पता चल गया।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** अजनबी आदमी ने अलादीन की माँ से कहा कि आप मुझे नहीं जानती। मैं अलादीन का चाचा हूँ। आप अलादीन को मेरे साथ भेज दीजिए। मैं उसे कोई अच्छा-सा काम सिखा दूँगा और फिर यह काम करने लग जाएगा तो आपकी गरीबी दूर हो जाएगी।

**2.** अजनबी आदमी अलादीन को लेकर जंगल गया। वहाँ एक गुफा थी। अजनबी आदमी अलादीन से गुफा में रखा दीपक मँगवाना चाहता था।

**3.** अलादीन एक बड़ा-सा पत्थर और एक लकड़ी उठा लाया। उसने सबसे ऊपर वाली सीढ़ी पर पत्थर रखा और उस पर चढ़कर गुफ़ा के मुख तक पहुँच गया। वहाँ पहुँचकर उसने लकड़ी से गुफ़ा के मुख पर रखे पत्थर को ज़ोर से ठेला। पत्थर लुढ़ककर दूर जा गिरा। अलादीन बाहर आ गया।

**4.** जिन्न ने अलादीन से कहा कि वह दुनिया का प्रत्येक काम कर सकता है। उसने खाने के लिए बढ़िया-बढ़िया चीजों के ढेर लगा दिए। अलादीन ने जिन्न द्वारा अच्छे-अच्छे कपड़े मँगवाए, बढ़िया-सा महल बनवाया और फिर उसने जिन्न की सहायता से बहुत-सा धन भी प्राप्त कर लिया, जिससे वह व्यापार करने लगा तथा नगर का सबसे अमीर आदमी बन गया। अलादीन ने एक राजकुमारी से विवाह कर लिया और सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगा।

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर– 1.** दीपक **2.** अजगर लटके हुए थे **3.** जिन्न

***भाषा-बोध***

**(क) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गरीब | **दरिद्र** | **निर्धन** | बेटा | **सुत** | **पुत्र** |
| जंगल | **वन** | **कानन** | आदमी | **मानव** | **इंसान** |

**(ख) दिए गए शब्दों को पढ़ो और सही वर्ण के नीचे ◌ु तथा ◌ू लगाकर शब्दों को दोबारा लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बढ़िया | **बुढ़िया** | गफा | **गुफा** |
| सरज | **सूरज** | मख | **मुख** |
| झला | **झूला** | फल | **फूल** |
| पल | **पुल** | कआँ | **कुआँ** |

**(ग) दिए गए वाक्यों से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए–**

**उत्तर– 1.** मैं **2.** तुम **3.** वह **4.** आप **5.** उसने।

***आइए कुछ करें***

**उत्तर– 1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए **3.** स्वयं कीजिए

**4. अलादीन की कौन-सी विशेषता आपको सबसे अधिक प्रभावित करती है तथा क्यों? लिखो।**

**उत्तर–** अलादीन का विपत्ति के समय धैर्य व साहस से कार्य करना और घमंड न करने की विशेषता ने अधिक प्रभावित किया, क्योंकि एक अच्छे मनुष्य में इन गुणों का होना जरूरी होता है। तभी वह सभी का प्रिय होता है।

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं करें।

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए।

# 15 आजादी की लड़ाई (ऐतिहासिक कथा)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** धनी मन-ही-मन बड़बड़ाया कि आश्रम में कोई योजना बन रही है, जिसकी मुझे खबर नहीं है। सब मुझे बुद्धू समझते हैं, पर मैं बुद्धू नहीं हूँ।

**2.** गांधी जी ने अपने कुछ साथियों के साथ गुजरात में पैदल चलते हुए दांडी नामक जगह पर समुद्र के पास पहुँचकर नमक बनाने की योजना बनाई।

**3.** धनी को गांधी जी की योजना के बारे में बिंदा ने बताया।

**4.** धनी गांधी जी से मिलकर यात्रा में उनके साथ जाने की अनुमति लेना चाहता था।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** धनी को आश्रम में बिन्नी बकरी की देखभाल करने का काम सौंपा गया था।

**2.** धनी बिन्नी से कहता है कि कोई बात जरूर है बिन्नी, सब लोग गांधीजी के कमरे में बैठकर बातें कर रहे हैं। कोई योजना बन रही है, जिसके बारे

में मुझे कुछ ज्ञात नहीं है।

3. धनी अपने पिता से यात्रा में साथ चलने का निवेदन करता है।
4. गांधी जी धनी को समझाते हुए कहते हैं कि अगर तुम मेरे साथ यात्रा पर चलोगे तो यहाँ बिन्नी की देखभाल कौन करेगा। जब मैं यात्रा से वापस आऊँगा। तो मुझे कमजोरी के कारण खूब सारा दूध पीना पड़ेगा। इसलिए तुम यहाँ रहकर बिन्नी की देखभाल करो ताकि मैं उसके दूध का सेवन कर सकूँ।

**(ग) उचित शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरिए–**

**उत्तर–** 1. **बिन्नी** ने घास चबाते हुए सिर हिलाया।
2. कमरा **धुएँ** से भरा हुआ था।
3. पर **नमक** को लेकर विरोध क्यों कर रहे हैं?
4. **भारतीयों** को नमक बनाने की मनाही है।
5. सिर्फ तुम्हारे पिता जैसे **नौजवान** ही मेरे साथ चल पाएँगे।

**(घ) किसने, किससे और कब कहा, लिखो–**

**उत्तर–** 1. धनी ने बिन्नी को सुबह चारा-पानी देते हुए कहा।
2. धनी ने रसोईघर में चूल्हा फूँकती हुई माँ से कहा।
3. बिंदा ने गांधी जी की योजना बताते हुए धनी से कहा।
4. गांधी जी ने धनी को अपने पास बुलाकर कहा।
5. धनी के पिता जी ने धनी से कहा।

***भाषा-बोध***

**(क) निम्नलिखित शब्दों से नये वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**
बुद्धू : रामू को सभी **बुद्धू** समझते हैं।
विरोध : गांधीजी किसी बात के **विरोध** में ही यात्रा करते हैं।
सत्याग्रह : गांधीजी ने स्वतंत्रता के लिए **सत्याग्रह** आंदोलन चलाया।
स्वतंत्रता : देश की **स्वतंत्रता** के लिए अनेक वीरों ने अपना बलिदान दिया।

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| माता | **अंबा** | **जननी** | स्वतंत्रता | **आजादी** | **स्वाधीनता** |
| समुद्र | **सागर** | **रत्नाकर** | बालक | **शिशु** | **बच्चा** |

**(ग) निम्नलिखित विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** | स्वतंत्रता | **परतंत्रता** | पसंद | **नापसंद** |
| | पास | **दूर** | दिन | **रात** |
| | सवाल | **जवाब** | विरोध | **सहमति** |
| | न्याय | **अन्याय** | शांति | **अशांति** |

**(घ) पढ़िए, समझिए और लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** | आश्रम | **आश्रमों** | साल | **सालों** |
| | लोग | **लोगों** | कपड़ा | **कपड़ों** |
| | बालक | **बालकों** | जवाब | **जवाबों** |
| | गाँव | **गाँवों** | मित्र | **मित्रों** |

***आइए कुछ करें***

**उत्तर– 1.** स्वयं कीजिए **2.** स्वयं कीजिए **3.** स्वयं कीजिए

***कल्पना की दुनिया***

स्वयं कीजिए

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए

## 16 अच्छाई की महत्ता (कहानी)

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर– 1.** प्रतीक की दादीजी ने प्रतीक को देवताओं और स्वर्ग की कहानी सुनाई।

**2.** प्रतीक ने महात्मा जी से स्वर्ग देखने और देवताओं से मिलने के लिए पूछा।

**3.** प्रतीक ने बाबा जी को डिबिया देते हुए कहा कि बाबा जी इस डिबिया के रुपए आप ले लीजिए। डिबिया भरना तो कोई मुश्किल नहीं है यह फिर भर जाएगी।

**4.** डिबिया में पैसे प्रतीक की दादीजी डालती थीं।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** महात्माजी ने प्रतीक को एक डिबिया दी और कहा, ''जब भी तुम कोई अच्छा काम करोगे तो इस डिबिया में एक रुपया आ जाएगा। लेकिन कोई बुरा काम करोगे तो एक रुपया कम हो जाएगा। एक अच्छे काम का एक रुपया। जब यह डिबिया रुपयों से भर जाएगी तब तुम स्वर्ग देख सकोगे।''

**2.** डिबिया पाने के बाद प्रतीक का स्वभाव ही बदल गया। दूसरों को तंग करना, किसी की चीज लेना, किसी से झगड़ा करना उसने बंद कर दिया। अब वह सबकी मदद करता था। घर में, स्कूल में सबकी हरसंभव मदद करता था।

**3.** महात्मा जी ने स्वर्ग के विषय में प्रतीक को बताया कि अच्छे लोग ही देवता होते हैं। जहाँ अच्छे लोग रहते हैं, वहीं स्वर्ग होता है। तुम्हारा घर भी स्वर्ग है और तुम भी देवता बन गए हो।

**4.** अच्छे काम का नतीजा भी अच्छा ही होता है।

**(ग) किसने, किससे कहा, लिखो–**

**उत्तर–** **1.** महात्मा जी ने, प्रतीक से कहा

**2.** प्रतीक ने, महात्मा जी से कहा

***भाषा-बोध***

**1.** स्वयं कीजिए। **2.** स्वयं कीजिए। **3.** स्वयं कीजिए।

***आइए कुछ करें***

**1.** स्वयं कीजिए। **2.** स्वयं कीजिए।

**3. दिए गए चित्र को देखकर दो वाक्य लिखो–**

**उत्तर–** **1.** चार मित्र पिकनिक मना रहे हैं।

**2.** वे अच्छी-अच्छी चीजें खा रहे हैं और अच्छी-अच्छी बातें कर रहे हैं।



***कल्पना की दुनिया***

पढ़िए और समझिए

***हमने सीखा***

पढ़िए और समझिए।

***वर्तनी-बोध***

पढ़िए और समझिए।

# 17 कौन सिखाता है चिड़ियों को (कविता)

## आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** चिड़ियों को चीं-चीं करना कुदरत (ईश्वर) सिखाती है।

**2.** चिड़िया तिनके लाकर घोंसला बनाती है।

**3.** चिड़िया दाना खाती है।

**4.** इस कविता में चिड़ियों और ईश्वर की बात की जा रही है।

**5.** चिड़ियाँ घोंसले में रहती हैं।

**(ख) सही उत्तर के सामने सही (✓) का निशान लगाइए–**

**उत्तर–** **1.** फुदककर  **2.** फुर्र से  **3.** तरु-पशु-पक्षी

**(ग) शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए–**

**उत्तर–** तीनके **तिनके**  दूलार **दुलार**

मां **माँ**  घौंसले **घोंसले**

**(घ) कविता की निम्न पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

पाठ 9 से स्वयं कीजिए।

***भाषा-बोध***

**(क) दी गई मात्राओं से शब्द पूरे कीजिए–**

**उत्तर–** हरान – **हैरान**  रलगाड़ी – **रेलगाड़ी**

घमना – **घूमना**  पाटली – **पोटली**

खशब – **खुशबू**  सतारे – **सितारे**

**(ख) पढ़िए, समझिए और लिखिए। (कविता में से ढूँढ़कर लिखिए)–**

**उत्तर–** चलना – **फिरना**  लालन – **पालन**

पशु – **पक्षी**  चाँद – **फिरनासितारे**


**(ग) शब्द सीढ़ी।**

**उत्तर–** प्रत्येक शब्द के अंतिम अक्षर से नया शब्द बनाइए।

कुरदत → तन → **नमक** → **कमल** → **लकड़ी** →

**(घ) पशु-पक्षियों को उनकी बोलियों से मिलाइए–**

उत्तर–




***कल्पना की दुनिया***

स्वयं करें।

***हमने सीखा***

पढ़ों, समझो और स्वयं करो।

## 18 जल प्रदूषण

### आओ अभ्यास करके देखें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** **1.** नदियों में पानी बारिश से आता है।

**2.** लोगों के द्वारा गंदगी को सीधे नदियों में डाले जाने से तथा कारखानों से निकलने वाले गंदे पानी को नदियों में मिलाइए जाने से नदी के पानी में गंदगी आ जाती है।

**3.** बीमारियाँ गंदे पानी से अधिक फैलती हैं जिन्हें मनुष्य ही गंदा करता है।

**4.** लोग नदियों के किनारे कारखाने बनाते हैं, क्योंकि नदियों से उन्हें काफी पानी मिलता है। कारखानों के मैले पानी को उन्हें साफ करना चाहिए। वे मेहनत नहीं करना चाहते, मैले पानी को सीधे नदी में ही बहा देते हैं। इस पानी में कारखानों के जहरीले रसायन होते हैं। जिससे पानी खराब और जहरीला हो जाता हैं।

5. स्वस्थ और नीरोग रहने के लिए हमें हमेशा साफ पानी ही पीना चाहिए। फिल्टर से पानी छनकर आता है और बैक्टीरिया दूर हो जाते हैं। अगर फिल्टर न हो तो पानी को अच्छी तरह उबालकर ठण्डा कर लेना चाहिए।

**(ख) वाक्य मिलाइए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| **1.** मछलियाँ गंदगी को खाकर | बैक्टीरिया पैदा होते हैं। |
| **2.** पानी मे सड़ती चीजों से | बस्तियों की गंदगी, कारखानों का मैल। |
| **3.** पानी को उबाल लें तो | पानी को स्वच्छ बनाती हैं। |
| **4.** पानी खराब होने का सबसे बड़ा कारण है | पानी पीने योग्य बन जाता है। |

***भाषा-बोध***

**(क)** याद करें।

**(ख) पानी से होने वाली बीमारियाँ कौन-सी हैं?**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| पीलिया | टाइफाइड | कॉलरा |
| पेट में सूजन | डायरिया | जापानी बुखार |
| हैजा | गले में सूजन आना | |

**(ग) मिलती-जुलती क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** बनना – **बनाना** निकलना – **निकालना**

जलना – **जलाना**

**(घ) श्रुतलेख लिखिए–**

स्वयं करें।

**(ङ) वाक्य पूरे कीजिए–**

**उत्तर–**

1. नदियों के दोनों तरफ गाँव और **शहर बसते हैं**।
2. पानी को उबालने पर बैक्टीरिया **दूर हो जाते हैं**।
3. कारखाने रसायन वाला पानी नदियों **में सीधे मिला देते हैं**।
4. टाइफाइड, पीलिया आदि रोग **गंदे पानी के कारण होते हैं**।
5. दो जलचर प्राणी **मछली** और **मगरमच्छ** जल को साफ रखने में सहायक हैं।

***कल्पना की दुनिया***

पढ़िए और समझिए।

- **सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** **1.** 70 प्रतिशत **2.** स्वच्छ पानी की
**3.** दोनों **4.** तीन

- **दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** **1.** पृथ्वी के नीचे भी **पानी** है।
**2.** समुद्र का सारा पानी **खारा** होता है।
**3.** पानी हमारे लिए **बहुमूल्य** है।
**4.** **वर्षा** पानी का मुख्य स्रोत है।

- **सही पर (✓) तथा गलत पर (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** **1.** ✗ **2.** ✓ **3.** ✓ **4.** ✓ **5.** ✗

- **निम्नलिखित शब्दों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** इंद्रधनुष, वर्षा

***पहचानिए और बताइए***

स्वयं करें।

## 19 अनूठी सीख (प्रेरक प्रसंग)

**अपने आदर्श महापुरुष पर दस पंक्तियाँ लिखिए–**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## 20 पहेलियाँ

**रंग-बिरंगे रंगों से चित्रों को पूरा करो, नाम लिखो और पहेली से जोड़ो–**



कान बड़े हैं काया छोटी
कोमल-कोमल बाल,
चौकस इतना, पकड़ सकें न
बड़ी तेज है चाल।
**खरगोश**

सरस्वती की सफेद सवारी
मोती जिनको भाते,
करते अलग दूध से पानी
बोलो कौन कहाते?

**हंस**



बोझा ढोता है जो दिनभर
करता नहीं पुकार,
मालिक दो होते हैं, जिसके
धोबी ओर कुम्हार।

**गधा**



लंबी गरदन पीठ पर कूबड़
घड़ों पानी पी जाए,
मीलों पर जो सरपट दौड़े
मरुस्थल जहाज़ कहाए।

**ऊँट**



चर–चर करती शोर मचाती
पेड़ों पर चढ़ जाती,
काली धारियाँ तीन पीठ पर
कुतर–कुतर फल खाती।

**गिलहरी**



पानी में खुश रहता हरदम
धीमी जिसकी चाल,
खतरा पाकर सिमट जाए झट
बन जाता खुद ढाल।

**कछुआ**

